फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग, लाखोंका सामान जलकर राख

नैनी बाजार में मची अफरा-तफरी, दमकल की दो गाड़ियों ने पाया काबू, विद्युत घर्षण से हादसे की आशंका

नैनी (प्रयागराज)। नैनी बाजार स्थित 'तिवारी ट्रेडर्स' नामक फर्नीचर की दुकान में गुरुवार शाम अचानक भीषण आग लग गयी। लपटें और धुएं का गुबार उठता देख पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गयी और मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने स्थानीय नागरिकों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

जानकारी के अनुसार, नैनी बाजार में राजेश तिवारी की तिवारी ट्रेडर्स के नाम से फर्नीचर की बड़ी दुकान है। गुरुवार की शाम अचानक दुकान के ऊपरी हिस्से से काला धुआं और लपटें निकलती देख आसपास के दुकानदारों ने शोर मचाया।

लकड़ी और गद्देदार फर्नीचर होने के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह बिजली का शार्ट सर्किट बताई जा रही है। आगजनी की सूचना मिलते ही नैनी कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सीढ़ियों के सहारे ऊपरी हिस्से तक पाइप पहुंचाकर पानी की बौछारें शुरू कीं और आग को आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोका।

दुकान स्वामी राजेश तिवारी के मुताबिक, गोदाम एवं दुकान में रखा लाखों रुपये मूल्य का तैयार फर्नीचर, प्लाईवुड एवं कच्चा माल जलकर पूरी तरह राख हो गया। राहत की बात यह रही कि समय रहते दुकान में मौजूद लोग बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि घनी आबादी वाले नैनी बाजार में इस तरह का यह पहला हादसा नहीं है। इससे पूर्व इसी दुकान के बगल स्थित एक फर्नीचर प्रतिष्ठान में आग लगने से भारी नुकसान हुआ था, जबकि कुछ समय पहले बाजार की इलेक्शन गली में क्राकरी की दुकान में भड़की आग की चपेट में आने से एक महिला की जान तक चली गयी थी। व्यापारियों ने बाजार में अग्निशमन सुरक्षा मानकों को पुख्ता करने की मांग उठाई है।



नैनी में फर्नीचर की दुकान में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

बारा/रामपुर (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत पुरवा खास गांव निवासी अवनीश कुमार उर्फ कल्लू (२६) की बुधवार देर रात बारा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुबह हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार और कोहराम मच गया।

परिजनों के अनुसार, बुधवार की रात करीब १२ बजे अवनीश कुमार घरेलू बात को लेकर हुए विवाद के बाद घर से अपनी ससुराल गोरखा (थाना बारा) जाने के लिए निकला

ससुराल जाते समय बारा क्षेत्र में हुआ हादसा

था। रास्ते में किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गंभीर चोटें आने से अवनीश की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। गुरुवार सुबह राहगीरों की सूचना पर पहुंची बारा थाना पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को अनहोनी की जानकारी दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और टक्कर मारकर भागने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। मृतक अवनीश कुमार मुंबई में एक निजी कंपनी में काम करता था और कुछ माह पूर्व ही अपने गांव पुरवा खास लौटा था। तीन भाइयों में सबसे छोटे अवनीश का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व हुआ था। अपने पीछे वह पत्नी और दो मासूम बेटियों परी एवं पीहू को रोता-बिलखता छोड़ गया है। असमय हुई इस मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

हिंदू समाज धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक हो-शंकराचार्य

स्वयं पर होने वाले षड्यंत्रों से सावधान रहें हिन्दू सनातन मानबिंदुओं की रक्षा का लें संकल्प

झूंसी (प्रयागराज)। गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने गुरुवार को शिवगंगा आश्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतिदिन सवा घंटे



श्रद्धालुओं को संबोधित करते शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती।

भजन-आराधना करने की अपील की। समय का अभाव होने पर २४ मिनट ईश्वर आराधना के लिए निकालने को कहा।

शंकराचार्य ने कहा कि हिंदू समाज को अपने ऊपर होने वाले आघातों और कथित षड्यंत्रों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने सनातन मानबिंदुओं की रक्षा के लिए समाज को संगठित होकर प्रयास करने की बात कही। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के अपने विचार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज को अपने स्तर पर स्वस्थ और सुव्यवस्थित प्रयास करने होंगे। युवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं में अपार प्रतिभा, ऊर्जा और पुरुषार्थ है। युवाओं को व्यसन से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज और राष्ट्रहित में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में धर्म और संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ी है और प्रश्नोत्तर कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवा भाग लेते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका शंकराचार्य ने उत्तर दिया। कार्यक्रम में शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, प्रफुल्ल ब्रह्मचारी, हृषिकेश ब्रह्मचारी, आदेश भूषण पांडेय, डा. दिव्यकांत त्रिपाठी, बी.पी. सिंह, के.एन. पांडेय, प्रताप दुबे, संतोष त्रिपाठी, नीरज मिश्रा, शुभम सिंह, शशांक गोस्वामी, हर्षित पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शिष्य उपस्थित रहे।

प्रसव के दौरान प्रसूता और गर्भस्थ शिशु की मौत, कोहराम

हालत बिगड़ने पर डाक्टरों के प्रयास के बाद भी नहीं बची जान

मऊ (चित्रकूट)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मऊ में प्रसव के दौरान एक प्रसूता और उसके गर्भस्थ शिशु की दर्दनाक मौत हो गयी। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गयी।

जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत मऊ निवासी रोहित जाटव की पत्नी सीमा देवी (लगभग २२ वर्ष) को तेज प्रसव पीड़ा होने पर गुरुवार देर रात करीब १२:३० बजे सीएचसी मऊ में भर्ती कराया गया था। मृतका के पति रोहित जाटव नगर पंचायत मऊ के सभासद अरविंद जाटव के छोटे भाई हैं। रोहित ने बताया कि उनकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी और यह उनका पहला बच्चा था, जिसे लेकर पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। परिजनों का कहना है कि जब सीमा को अस्पताल लाया गया था, उस वक्त उसकी हालत सामान्य थी। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा सामान्य प्रसव (नार्मल डिलीवरी) कराने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान प्रसव प्रक्रिया के बीच सीमा तेज दर्द के चलते अचानक जोर नहीं लगा सकीं और देखते ही देखते उनकी शारीरिक स्थिति अत्यंत नाजुक हो गयी। सीएचसी अधीक्षक डा. मो. हारून ने बताया कि प्रसव के दौरान स्थिति अचानक बिगड़ने पर चिकित्सकों की टीम ने महिला और गर्भस्थ शिशु दोनों को बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद दोनों की सांसें थम गईं। जच्चा और बच्चा दोनों की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अस्पताल पहुंच गये और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।



मृतका सीमा देवी की फाइल फोटो

सामूहिक दुराचार की तहरीर देने के बाद युवती लापता

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की १९ वर्षीय युवती चार युवकों पर सामूहिक दुराचार का आरोप लगाकर तहरीर देने और बयान दर्ज कराने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

युवती ने बुधवार को थाने पहुंचकर आरोप लगाया था कि करीब एक सप्ताह पहले मोबाइल दिलाने के बहाने उसे कार से मऊआइमा-कलंदरपुर मार्ग स्थित एक स्थान पर ले जाया गया, जहां चार युवकों ने उसके साथ दुराचार किया। आरोप है कि घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकी भी दी गयी। पुलिस ने तहरीर लेकर युवती का बयान दर्ज किया और वीडियोग्राफी कराई।

बताया गया कि बयान दर्ज होने के बाद युवती को थाने में रुकने के लिए कहा गया था। करीब एक घंटे बाद वह वहां से चली गई, जिसके बाद उसका पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर में दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, लेकिन फोन बंद मिला। बताए गए पते और रिश्तेदारों के यहां भी पुलिस ने तलाश की।

पुलिस के अनुसार युवती ने करीब डेढ़ माह पहले नवाबगंज थाने में भी दुराचार का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है और पूरे प्रकरण की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

नैनी में १३ दिवसीय रामलीला महोत्सव दस से

कर्ण घोड़ा शोभायात्रा से होगी शुरुआत राज्याभिषेक के साथ समापन

नैनी (प्रयागराज)। दशहरा महोत्सव को लेकर नैनी में तैयारियां तेज हो गयी हैं। मानस रामलीला समिति ने १३ दिवसीय श्रीरामलीला मंचन का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

महोत्सव का शुभारंभ १० अक्तूबर को ऐतिहासिक १० कर्ण घोड़ा शोभायात्रा से होगा और २३ अक्तूबर को श्रीराम राज्याभिषेक एवं भंडारे के साथ समापन होगा। समिति के अनुसार १० अक्तूबर को नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के स्वरूप घोड़ों पर सवार होंगे। ११ अक्तूबर को मुकुट पूजन, नारद मोह और रावण जन्म से लीला शुरू होगी। इसके बाद राम जन्म, ताड़का वध, धनुष यज्ञ, राम-जानकी विवाह, वन गमन, केवट प्रसंग, सीता हरण, हनुमान भेंट, बाली वध और लंका दहन सहित विभिन्न प्रसंगों का मंचन होगा।

२० अक्तूबर को रामेश्वरम शिवलिंग स्थापना, सेतु निर्माण, अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाद वध और रावण वध का मंचन होगा। २१ अक्तूबर को श्रीराम दल शोभायात्रा और २२ को भरत मिलाप होगा। समिति ने बताया कि ५० वर्ष से अधिक पुरानी परंपरा को इस बार भव्य रूप देने के लिए अयोध्या और चित्रकूट के कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है।



आशुतोष मेमोरियल स्कूल में गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाते बच्चे एवं शिक्षक।

नेहरू ग्राम भारती विवि में संस्थापक कुलाधिपति का ८८वां जन्मदिन मनाया

हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के जमुनीपुर परिसर में संस्थापक कुलाधिपति जेएन मिश्र का ८८वां जन्मदिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत विभाग की प्रस्तुति और ज्योतिष विभाग के स्वस्तिवाचन एवं मंत्रोच्चारण से हुआ। प्रति कुलपति ने पगड़ी पहनाकर एवं माल्यार्पण कर संस्थापक कुलाधिपति का स्वागत किया।

समारोह में जेएन मिश्र ने केक काटने के बाद दिव्यांग और बधिर बच्चों को उपहार वितरित किये। महात्मा गांधी पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम खुसबू कुशवाहा, द्वितीय अमरीश मिश्रा और तृतीय निधि यादव को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गये। इस दौरान 'शशि प्रभा' तथा जेएन मिश्र पर आधारित पुस्तक 'प्रयागराज के महामना' का लोकार्पण किया गया। जेएन मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय सामूहिक संकल्प, सहयोग और योगदान से इस स्वरूप तक पहुंचा है और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी यहां से शिक्षा प्राप्त कर देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। कुलपति ने शुभकामनाएं दीं। संचालन डा. राजेश कुमार तिवारी और संयोजन डा. आलोक कुमार मिश्र ने किया। कुलसचिव ने आभार जताया।



नेहरू ग्राम भारती विवि में संस्थापक कुलाधिपति का जन्मदिन मनाते लोग।

मां के साथ दवा कराने जा रहे युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

सोरांव (प्रयागराज)। रघुनाथपुर हरदुआ गांव निवासी दशरथ पटेल २८ सितंबर को अपनी मां को दवा कराने ले जा रहे थे। आरोप है कि जीएमडी कोल्ड स्टोर और मंदिर के बीच पहले से बैठे सुनील कुमार पटेल ने उन्हें देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट के लिए दौड़ा।

दशरथ की मां ने बीच-बचाव किया तो आरोपित ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना में मां-बेटे को चोटें आईं और दशरथ की बाएं हाथ की अंगुली में भी चोट लगी। शोर सुनकर तेजापुर निवासी अजय सरोज सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपित धमकी देते हुए वहां से चला गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की जद में आये १८ मकान-दुकान

दो दिन की मोहलत, खुद न हटाने पर प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की दी चेतावनी

मऊआइमा (प्रयागराज)। रेलवे क्रासिंग (फाटक संख्या ६१बी) पर निर्माणाधीन दो लेन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की जद में आ रहे करीब १८ मकानों और दुकानों को हटाने के लिए गुरुवार को प्रशासनिक अमला जेसीबी लेकर पहुंचा।

बुलडोजर देखते ही प्रभावित परिवारों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के विरोध और अनुरोध के बाद प्रशासन ने फिलहाल कारवाई रोकते हुए खुद अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन की मोहलत दी है।

जानकारी के अनुसार रेलवे निगम की ओर से ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। इसके एलाइमेंट की जद में सुल्तानपुर खास गांव के लाल बहादुर पटेल, ओम प्रकाश, मल्लू लाल, हनुमान प्रसाद, संजू प्रसाद, काली प्रसाद और मोहनलाल सहित करीब १८ परिवारों के मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान आ रहे हैं।

प्रभावित ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें पहले क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा दिए जाने का आश्वासन मिला था, जिसका अब तक भुगतान नहीं हुआ। मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण के एवज में मुआवजे का प्रावधान नहीं है। अधिकारियों के अनुसार करीब छह माह पहले पैमाइश कर अतिक्रमण की जद में आने वाले हिस्सों पर लाल निशान लगाए गये थे और नोटिस देकर चेतावनी भी दी गयी



थी। ग्रामीणों के अनुरोध पर प्रशासन ने दो दिन का समय दिया है।

अधिकारियों ने चेतावनी दी कि शनिवार तक अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया तो बिना पूर्व सूचना के जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कारवाई की जायेगी।

कारवाई का खर्च और जुर्माना भी संबंधित अतिक्रमणकारियों से वसूला जायेगा। इस दौरान नायब तहसीलदार नैनी शुक्ला, कानूनगो सुशील कुमार, लेखपाल प्रेमचंद्र पटेल, सेतु निगम के अवर अभियंता अजीत कुशवाहा, पीडब्ल्यूडी के अभियंता सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

सात दिवसीय सेवा संकल्प मेले का आयोजन

विभिन्न विभागों के लगे स्टाल, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने पर जोर

मांडा (प्रयागराज)। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड मांडा परिसर में सात दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में स्वास्थ्य, कृषि, आंगनबाड़ी सहित विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाए गये हैं। कर्मचारी ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ विभागीय समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर रहे हैं।एडीओ पंचायत अरुण कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के स्टाल पर ग्रामीणों को शौचालय योजना की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

ब्लाक कोआर्डिनेटर अनवारुल हसन ने बताया कि शौचालय योजना से जुड़े लाभार्थियों का आनलाइन सत्यापन भी कराया जा रहा है, ताकि पात्र लोगों को योजना का लाभ मिल सके। मेले में पोषाहार का स्टाल भी आकर्षण का केंद्र बना है। यहां पोषाहार से तैयार विभिन्न खाद्य सामग्री प्रदर्शित कर लोगों को उसके उपयोग और पौष्टिकता की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिलने से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा हो रही है।

आधार केंद्रों की दुर्व्यवस्था से भटक रही जनता

झूंसी (प्रयागराज)। आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने के लिए बनाए गये केंद्रों पर व्यवस्थाएं बेपटरी होती नजर आ रही हैं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति

समस्या लेकर रोज नगर निगम पहुंच रहे लोग, विवाद की स्थिति

में कुछ आपरेटर लोगों को सही जानकारी देने के बजाय दूसरे कार्यालयों में भेज रहे हैं। इससे आधार संबंधी समस्या लेकर रोजाना लोग नगर निगम कार्यालय पहुंच रहे हैं, जबकि अधिकांश मामलों का नगर निगम से कोई सीधा संबंध नहीं होता।

नगर निगम जोन आठ के जोनल अधिकारी अशोक कुमार के अनुसार प्रतिदिन करीब ४-६ लोग आधार संबंधी समस्याएं लेकर कार्यालय पहुंचते हैं।

उन्होंने बताया कि कुछ आधार केंद्रों के आपरेटर लोगों को सही दिशा-निर्देश देने के बजाय इधर-उधर भेज देते हैं। इससे नागरिकों को समय और धन खर्च कर कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और दूरदराज से आने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है। कई बार नगर निगम कर्मचारियों से विवाद की स्थिति भी बन जाती है। नागरिकों ने प्रशासन से प्रत्येक आधार केंद्र पर जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी, आपरेटरों की निगरानी और शिकायतों के मौके पर समाधान की व्यवस्था कराने की मांग की है।

आशुतोष मेमोरियल स्कूल में धूमधाम से मनी गांधी एवं शास्त्री जयंती

बच्चों ने निकाला शांति मार्च

हनुमानगंज (प्रयागराज)। धनैचा-मलखानपुर (हनुमानगंज) स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उल्लासपूर्वक मनायी गयी। विद्यालय परिवार ने दोनों विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया।

समारोह के मुख्य वक्ता एवं विद्यालय के चेयरमैन प्रोफेसर जेपीएन मिश्रा ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपना सबसे बड़ा अस्त्र बनाकर उस शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ों को हिला दिया, जिसके राज में कभी सूरज नहीं डूबता था।

चेयरमैन ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि पंडित नेहरू के निधन के बाद देश का नेतृत्व संभालते हुए शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का अमर नारा दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बापू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू की वेशभूषा धारण कर आकर्षक शांति मार्च निकाला। बच्चों ने बापू का प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम' प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी दोनों राष्ट्रनायकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सराफा कारोबारी से २५ लाख की धोखाधड़ी का आरोप

सोना देने के नाम पर जेवर लेने के बाद रकम भी ली, धमकी देने का आरोप

झूंसी (प्रयागराज)। छतनाग रोड स्थित रिद्धि ज्वेलर्स के संचालक ने परिचित दंपती पर सोने और रुपये के लेनदेन में करीब २५ लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। रकम वापस मांगने पर धमकी देने का भी आरोप है। कारोबारी की तहरीर पर झूंसी पुलिस ने १ अक्तूबर को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिठइयां गांव निवासी शुभम स्वर्णकार के अनुसार, ज्योति यादव और उनके पति संजय यादव ने दुकान से १३५.५ ग्राम सोने के जेवर लिए थे। इसके बदले ६२.८ ग्राम कच्चा सोना और पांच हजार रुपये दिये गये। कारोबारी का दावा है कि कच्चे सोने की शुद्धता करीब १७ ग्राम थी। शेष सोना एक सप्ताह में देने का भरोसा दिया गया। आरोप है कि बाद में दंपती ने करेली स्थित मन्नापुरम गोल्ड फाइनेंस में करीब १२०० ग्राम सोना जमा होने की बात बताई और ३०० ग्राम सोना छुड़ाकर देने का भरोसा दिलाया। इसके बाद कारोबारी ने उनके खातों में ६,२०,२५० रुपये यूपीआई से भेजे और करीब १८.८० लाख रुपये अलग-अलग किस्तों में नकद दिये। कुल रकम करीब २५ लाख २५० रुपये बताई गयी है। तहरीर के अनुसार, रकम लेने के बाद न तो सोना दिया गया और न पूरी रकम लौटाई गयी। आरोप है कि ५४ हजार रुपये वापस करने के बाद शेष रकम मांगने पर मुकदमे में फंसाने और जान से मरवाने की धमकी दी गयी। पुलिस के अनुसार मामले में बैंक खातों में हुए भुगतान, लेनदेन के दस्तावेज और सोने से संबंधित तथ्यों की जांच की जा रही है।

परवेजाबाद में खनन विभाग की कारवाई

बारा (प्रयागराज)। तहसील क्षेत्र के परवेजाबाद गांव में बुधवार को अवैध सिलिका सैंड खनन की सूचना पर खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। खनन निरीक्षक के नेतृत्व में एसीपी बारा के साथ पहुंची टीम ने मौके से एक जेसीबी, तीन ट्रैक्टर और जमीन में लगी दो चक्की मशीनों को संचालित हालत में पकड़ा।

दोपहर करीब २ बजे हुई कारवाई के दौरान टीम को देखते ही वाहन चालक और स्वामी मौके से फरार हो गये। बताया गया कि खनन से जुड़े वाहन रोहित वार्ष्णेय के पट्टे के पास और उनके प्लांट के समीप संचालित हो रहे थे। खनन निरीक्षक ने मौके पर ही वाहनों को सीज करने की कारवाई की। बताया गया कि भागते समय चालकों ने वाहनों के कुछ तार और तकनीकी उपकरण क्षतिग्रस्त कर दिए, जिससे वे स्टार्ट नहीं हो सके। इसके बाद जब्त वाहनों को थाना बारा के सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में प्लांट परिसर में खड़ा कराया गया। वाहन दुरुस्त होने के बाद उन्हें थाने लाया जाएगा। खनन विभाग के अनुसार खनन किसके द्वारा कराया जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है। वाहन स्वामी, अज्ञात संचालक और संबंधित पट्टाधारक के खिलाफ नियमानुसार कारवाई की जाएगी।

झूंसी में अतीक अहमद की कुर्क संपत्तियों का एसीपी ने किया मुआयना

झूंसी (प्रयागराज)। शासन के निर्देश पर माफिया अतीक अहमद से संबंधित पूर्व में कुर्क की गयी संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जा रहा है। इसी क्रम में एसीपी झूंसी अरुण पाराशर ने क्षेत्र में स्थित संबंधित जमीनों का स्थलीय निरीक्षण किया। एसीपी ने बताया कि शासन के निर्देश के तहत कुर्क संपत्तियों की मौके पर स्थिति, जमीन से जुड़े तथ्यों और अभिलेखों की जानकारी जुटाई जा रही है। निरीक्षण के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। मौके पर पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने अभिलेखों एवं जमीन की स्थिति से संबंधित जानकारी जुटाने में सहयोग किया। स्थानीय लोगों से भी आवश्यक जानकारी ली गयी। इस दौरान नई झूंसी चौकी प्रभारी हरिशंकर मिश्रा, लेखपाल सर्वेश कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

१०० मीटर दौड़ में समीर और सकीना ने बाजी मारी

बरगढ़ में २८वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

बरगढ़ (चित्रकूट)। राजकीय इंटर कालेज बरगढ़ में मंगलवार को तीन दिवसीय २८वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य विजय कुमार सोनी और विशिष्ट अतिथि श्याम नारायण शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन-अर्चन के बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। संयोजक प्रधानाचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी और अध्यक्ष चंद्रेश इंटर कालेज के प्रबंधक सुरेश कुमार मिश्र रहे। मऊ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने ध्वज के साथ मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। प्रतियोगिता की ८०० मीटर सीनियर बालक दौड़ में महात्मा ज्योतिबा राव फुले इंटर कालेज के प्रसून प्रथम, सुंदर सिंह स्मृति इंटर कालेज लालता रोड के रवनीत पाल द्वितीय और पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज के दिलीप तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग में दिव्या प्रथम, रोशनी द्वितीय और शालू तृतीय रहीं।

१०० मीटर सीनियर बालक में राजकीय इंटर कालेज बरगढ़ के समीर तिवारी प्रथम रहे। रिंकू पाल द्वितीय और विवेक सिंह तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग में सकीना बानो प्रथम, दिव्या द्वितीय और रत्ना तृतीय रहीं।

सब जूनियर वर्ग की २०० मीटर बालिका दौड़ में पारुल, शीलू और सुधा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहीं। ६०० मीटर बालक वर्ग में सूरज प्रथम, शंभू द्वितीय और सुनील तृतीय रहे। बालिका वर्ग में गुड़िया प्रथम, प्रीती द्वितीय और अर्पिता तृतीय रहीं।

इस मौके पर खेल शिक्षक मनीष कांत पटेल, धर्मेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, आलोक सिंह, कविता गुप्ता, बाल गोविंद, सुरेश सिंह, राम स्वरूप सिंह, मनोज सिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

गाली देने से रोकने पर महिला को पीटा, तीन नामजद

मांडा (प्रयागराज)। रंजिश के चलते महिला से गाली-गलौज करने से रोकने पर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तिसेन तुलापुर गांव निवासी भगवान दास मौर्या ने तहरीर में आरोप लगाया कि मोहल्ले के कमलेश मौर्या, रामनरेश मौर्या और राजाराम मौर्या रंजिश के चलते उनकी पत्नी शांती देवी से गाली-गलौज कर रहे थे। महिला ने विरोध किया तो आरोप है कि तीनों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए मांडा सीएचसी भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३३८)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।